बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

संचिका संख्या–01 / स्था०क्षे०–324 / 2026 पटना, दिनांक फरवरी, 2026

कार्यालय आदेश

कृषि विभाग के आदेश संख्या–4140 दिनांक–04.09.2025 क्रमांक–172 द्वारा बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–01 (शष्य) के पदाधिकारी श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौंपी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर का पत्रांक–105 दिनांक–23.09.2025 के द्वारा श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष को दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न से विरमित किया गया है। श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह द्वारा गन्ना उद्योग विभाग में दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–1525 दिनांक–06.10.2025 के क्रमांक–06 द्वारा श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह को ईख प्रसार पदाधिकारी कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर के पद पर पदस्थापित किया गया, जिसके अनुपालन में श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह ने पदस्थापित कार्यालय में दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में योगदान समर्पित किये हैं। इस प्रकार प्रभार रहित अवधि 08.09.2025 से 06.10.2025 तक है।

वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह, ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 (दिनांक–07.09.2026 रविवारीय अवकाश) तक की अवधि को पदस्थापन की अनिवार्य प्रतीक्षा के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्ताव पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति तथा अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

ह० / –
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–324 / 2026 / पटना, दिनांक– फरवरी, 2026

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, भागलपुर / उप सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01 / स्था०क्षे०–324 / 2026–460 / पटना, दिनांक–25 फरवरी, 2026

प्रतिलिपि– वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना / सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर / श्री बीरेन्द्र प्रसाद साह, ईख प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निदेशक, ईख विकास, भागलपुर / श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/02/26
सरकार के अवर सचिव।

Rajesh Ji Letter